वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
समाचार
हमारे लोग, हमारी ताकत
दिनांक : 15 अप्रैल, 2023
अंक : 478

वेकोलि में 75 भू-आश्रितों को रोज़गार

माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी एवं माननीय सांसद श्री कृपाल तुमाने ने किए नियुक्ति पत्र प्रदान

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह
गडकरी जी
सरकार

समारोह
गडकरी जी
भारत सरकार

वेकोलि में दिनांक 01.04.2023 को 75 भू-आश्रितों को नियुक्ति दी गई। इस उद्देश्य से वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय लोकसभा सदस्य (रामटेक) श्री कृपाल तुमाने एवं वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 75 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने अपने उद्बोधन में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2022-23 का कोयला उत्पादन लक्ष्य पार करने पर बधाई दी एवं आगे देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु प्रेषण बढ़ाने की अपेक्षा जताई। उन्होंने सभी नियुक्ति प्राप्त युवाओं को शुभकामनाएँ दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी युवाओं के लिए यह स्वर्णिम अवसर है एवं इस रोजगार के माध्यम से उन्हें देश के विकास यात्रा में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए।

श्री गडकरी ने अपने सम्बोधन में वेकोलि के "आउट ऑफ़ बॉक्स" योजनाओं का जिक्र करते हुए ओवर बर्डेन से रेत निकालने एवं उसे कम दर पर बाज़ार में उपलब्ध कराने आदि योजनाओं की प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्री तुमाने ने वेकोलि को वर्ष 2022-23 में 64.28 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा पीढ़ी के वेकोलि परिवार में सम्मिलित होने से निश्चित ही खनन कार्यों को बल मिलेगा। उन्होंने आने वाले समय के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के आरंभ में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी को कंपनी के पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने आभार प्रदर्शन किया।

समारोह में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे एवं स्टीयरिंग कमिटी के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
नियुक्ति

वेस्टर्न कोल
पत्र
श्री नितिन

सीआयएल अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने किया सावनेर भूमिगत खदान का निरीक्षण

वेकोलि के दो दिवसीय दौरे के दौरान दिनांक 07/04/23 को कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सावनेर भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वहां टीम, वेकोलि के सदस्यों को संबोधित भी किया।

उन्होंने वेकोलि की कार्य-प्रणाली और उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। वेकोलि कर्मियों को उनकी विविध उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उन्होंने भविष्य में और अधिक बेहतर परिणामों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक (तकनीकी) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे तथा कोल इंडिया अध्यक्ष के तकनीकी सचिव श्री एम. के. सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, अधिकारी एवं वेकोलि परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर को टीम WCL की आदरांजलि

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
WCL STATE WISE
GST REGISTRATION NO.
MAHARASHTRA
27AAACW1578L1ZW
MADHYA PRAD

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में दिनांक 14.04.2023 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर को आदरांजलि अर्पित की गयी। मुख्यालय में आयोजित समारोह में वेकोलि के निदेशक (तकनीकी) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे ने महामानव डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

समारोह में उपस्थित विभाग प्रमुखों एवं अन्य कर्मियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के प्रति आदर व्यक्त किया। कम्पनी के सभी क्षेत्रों, इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों में संविधान निर्माता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल वेकोलि के दौरे पर रहे

ली वेकोलि की समीक्षा बैठक – कर्मियों को वर्ष 2022-23 की उपलब्धियों के लिए दी बधाई



कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने दिनांक : 06.04.2023 को WCL मुख्यालय में उत्पादन, उत्पादकता तथा भविष्य की योजनाओं से सम्बंधित विषयों पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उन्होंने टीम वेकोलि की कार्य संस्कृति तथा कार्य निष्पादन की सराहना करते हुए, पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्पादन एवं प्रेषण में शानदार उपलब्धियों पर कर्मियों को बधाई दी।

Western Coalfield
A Subsidiary of Coal Ind
Welc
i Pramo
Chair
Coal India
06th APR

उन्होंने कहा कि वेकोलि जैसी समर्पित टीम को देखकर, वे नए वित्तीय वर्ष में भी कोयला उत्पादन तथा प्रेषण में बड़ी उपलब्धि के लिये पूर्ण आश्वस्त हैं। श्री अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित कंपनी के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों तथा विभागाध्यक्षों से सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से संपन्न करें की अपील की।

समीक्षा बैठक में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने वर्ष 2022-23 की उपलब्धियां तथा वर्तमान वर्ष की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया की वेकोलि इस वित्तीय वर्ष में भी कोयला उत्पादन का टारगेट हासिल करेगी।

बैठक में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना व परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे, कार्यकारी निदेशक (कोल इंडिया) एवं चेयरमैन के तकनीकी सचिव श्री एम. के. सिंह प्रमुखता से उपस्थित थे।

Shri Pramod Agrawal
an
Co Limited

इस के पूर्व, वेकोलि मुख्यालय में आगमन पर श्री प्रमोद अग्रवाल को वेकोलि सुरक्षा गार्ड ने सलामी दी तथा श्री अग्रवाल ने सुरक्षा टुकड़ी का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने WCL मुख्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) फॉर ई-सर्वेलंस का निरीक्षण किया। ICCC की सराहना करते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये।

"श्रमेव जयते" समारोह में कोल कर्मी सम्मानित

कोल इंडिया लिमिटेड की ऐतिहासिक उपलब्धि में हर एक कर्मी का योगदान - चेयरमैन श्री प्रमोद अग्रवाल

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
श्रमेव जयते

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री प्रमोद अग्रवाल ने कोल इंडिया तथा वेकोलि की सफ़लता का श्रेय टीम के हर एक सदस्य को दिया। श्री अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि वेकोलि का भविष्य उज्ज्वल है। वे दिनांक 07.04.2023 को मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित "श्रमेव जयते" कार्यक्रम में कोल कर्मियों को सम्मानित करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया एवं वेकोलि ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन एवं ओबीआर में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। उन्होंने सभी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

प्रमोद अग्रवाल
अध्यक्ष, क
लिमिटेड

प्रारंभ में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत तथा झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनिता अग्रवाल ने कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइव्स समिति की अध्यक्षा डॉ रेणु अग्रवाल का स्वागत किया।

समारोह में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, सी.वी.ओ श्री अजय म्हेत्रे, कोल इंडिया अध्यक्ष के तकनीकी सचिव श्री एम. के. सिंह, वेकोलि स्टीयरिंग कमेटी तथा वेलफ़ेयर बोर्ड के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे।

वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण दिया तथा निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने झंकार महिला मंडल की पुस्तक 'स्नेहांचल' का विमोचन भी किया। झंकार महिला मंडल द्वारा अतिथियों के हस्ते एस. वी. के. शिक्षण संस्था, नागपुर को आर्थिक सहायता स्वरूप 21 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा टेम्भूर्णीकर, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) ने किया। समारोह में आयोजित संगीत संध्या ने सभी का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि
श्री प्रमो
अध्यक्ष, कोल
डॉ. रेणु अग्रवाल
66.0

इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)
G20

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।